डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी दीपावली समारोह 2021

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित आभासी दीपावली समारोह की शुरुआत गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ हुई। सातवीं कक्षा की छात्रा धियाना ने सबका स्वागत किया। दीपावली रोशनी का त्योहार है और भारत के सभी हिस्सों में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है । माननीया प्रधानाचार्या ने अपने कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित किया ।

विद्यार्थियों ने दक्षिण भारत में नरक चतुरदशी के रूप में मनाई जाने वाली दीपावली को सुंदर कठपुतली प्रदर्शन द्वारा प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । भारत के पश्चिमी भाग में पंचमहापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें अनुष्ठान के रूप में गायों की भी पूजा की जाती है – इसे छात्रों ने वीडियो के माध्यम से दर्शाया । भगवान राम को सम्मानित करने के पारंपरिक रीति–रिवाज़ों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों ने एक अति मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया । आगे बढ़ते हुए छात्र–छात्राओं ने भारत के पूर्वी भाग की प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अद्वितीय अनुष्ठानों और पूजा–विधि की एक वीडिया प्रस्तुति दिखाई । उत्तर भारत में पॉच दिनों तक धूमधाम से मनाए जाने वाले इस पर्व के प्रतीक रूप में छात्रों ने विज्ञान का कमाल दिखाते हुए दीयों को पानी से जलाकर सबको हतप्रद कर दिया ।

यह भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में इस त्योहार को कैसे मनाया जाता है, इस बारे में हम सभी को जानकारी देने वाला एक उत्कृष्ट शो था । शांतिपाठ एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

आभासी दीपावली समारोह 2021

दीप प्रज्ज्वलित करती हुई माननीया प्रधानाचार्या जी

सुंदर कठपुतली प्रदर्शन

नृत्य करती हुई छात्राएँ